**रिलायन्स इंडस्ट्रीज ( 2700 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 2647 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउटज!! 2626 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 2737 रुपये से 2750 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है...!!

**ऐसीसी लिमिटेड ( 2305 ) :-** सीमेन्ट एंड सीमेन्ट प्रोडक्ट्स सेक्टर के शेयर में 2347 रुपये से 2360 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा,2244 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**ओर्बिन्दो फार्मा ( 1484 ):-** फर्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयर में 1508 रुपये से 1520 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा,1444 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करेंज!!

**गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ( 1342 ) :-** 10 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 1308 स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने पर्सनल केर सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 1363 रुपये से 1370 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

**टीवीएस मोटर्स ( 2836 ) :-** तकनीकी चार्ट के 2/3 विहिक्ल्स सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 2880 रुपये से 2780 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है । प्रतिक्रियात्मक के लिए 2909 का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!

हिन्दस्तान यूनिलीवर ( 2795 ) :- इस शेयर को 2844 / 2850 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 2770 रुपये से 2744 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!! 2868 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**ओबेरॉई रियलिटी ( 2048 ) :-** रेसीडेन्सियल एंड कोमर्सियल प्रोजेक्ट्स सेक्टर का यह स्टॉक 2109 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 2008 रुपये से 1990 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है...!!

**कोटक महिन्द्रा बेंक ( 1903 ) :-** प्राइवेट बेंक सेक्टर के इस शेयर को करीब 1944 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1878 रुपये से 1864 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 1950 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

**भारती एयरटेल ( 1723 ) :-** इस शेयर को करीब 1747 / 1755 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 1696 रुपये से लेकर 1688 रुपये तक रहने की संभावना है। 1760 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पोइन्ट के मालिक हैं।**

**विशेष नोट:- डिस्क्लेमर / नीति / शर्तें** www.nikhilbhatt.in **के अधीन...!!!**

**नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

# 'गायत्री रबर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड' को 21 लाख रुपये का कार्य आदेश प्राप्त हुआ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** हरियाणा के फरिदाबाद आधारित 'गायत्री रबर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड' ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को स्मार्ट मीटर निर्माण क्षेत्र में मौजूदा ग्राहकों में से एक से सामान्य व्यवसाय के दौरान स्मार्ट मीटर में उपयोग किए जाने वाले उत्पाद 'नियोप्रीन रबर गास्केट' की आपूर्ति के लिए 21,00,850.60 (करों सहित) रुपये का कार्य आदेश/पुरस्कार पत्र प्राप्त हुआ है। 1 महीने के भीतर लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए)/कार्य आदेश को नियम और शर्तों के अनुसार नियमानुसार निष्पादित किया जाना है।

**यह करती है कंपनी:** 2022 में निगमित, गायत्री रबर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड रबर प्रोफाइल, एल्यूमीनियम रबर प्रोफाइल, ऑटोमोबाइल रबर प्रोफाइल, रबर कंपाउंड, विभिन्न प्रकार के रबर घटकों और स्पष्ट पीवीसी प्रोफाइल के निर्माण और व्यापार में लगी हुई है। कंपनी के रबर उत्पादों को एल्यूमीनियम क्षेत्र में बैंको, नाल्को और जिंदल सहित डीलरों और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में राज्य परिवहन के अलावा मदरसन सुमी के एजेंटों को आपूर्ति की जाती है। रबर यौगिकों का उपयोग रबर उत्पादों के विभिन्न निर्माताओं और ओईएम द्वारा किया जाता है।


OSTWAL

# कृष्णा फोसकेम लिमिटेड

विंग ए/2, प्रथम तल, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फॉरेस्ट आटून, भीलवाड़ा (राज.) 311802
वेबसाइटः www.krishnaphoschem.com, ई-मेलः secretarial@krishnaphoschem.com
सीआईएनः L24124RJ2004PLC019288

**30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणाम**
**[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 47(1)(बी)]**

रूपये लाखों में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 अन-अंकेक्षित | 30.06.2024 अन-अंकेक्षित | 30.09.2023 अन-अंकेक्षित | 30.09.2024 अन-अंकेक्षित | 30.09.2023 अन-अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से आय | 30,294.39 | 28,161.49 | 26,402.50 | 58,455.88 | 43,034.85 | 92,484.31 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 2,479.26 | 2,268.31 | 2,830.78 | 4,747.57 | 4,607.77 | 5,906.93 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 2,479.26 | 2,268.31 | 2,830.78 | 4,747.57 | 4,607.77 | 5,906.93 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं व्यापक आय के बाद) | 1,674.45 | 1,641.08 | 1,930.11 | 3,315.53 | 3,118.22 | 4,044.29 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1,674.45 | 1,641.08 | 1,930.11 | 3,315.53 | 3,118.22 | 4,032.46 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूंजी | | | | | - | |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिये) (बिना वार्षिककृत के) 1. मूल | 2.71 | 2.65 | 3.12 | 5.36 | 5.04 | 6.54 |
| | 2. तरल | 2.71 | 2.65 | 3.12 | 5.36 | 5.04 | 6.54 |

टिप्पणियां:
1. 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 15 अक्टूबर, 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('इंड एस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और सपठित जारी प्रासंगिक नियमों में वर्णित है।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 सितंबर 2024 को समाप्त अन-अंकेक्षित तिमाही और छमाही के विस्तृत वित्तीय परिणामों का एक उद्धरण है। त्रैमासिक और छमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.krishnaphoschem.com पर उपलब्ध है।

दिनांक:- 15 अक्टूबर, 2024
स्थान:- भीलवाड़ा

निदेशक मंडल की आज्ञानुसार
कृष्णा फोसकेम लिमिटेड के लिए
कृते/-
(महेंद्र कुमार ओस्तवाल)
डीआईएनः 00412163



OSTWAL

# मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड

रजि. कार्यालय- विंग ए/1, प्रथम तल, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फॉरेस्ट आटून, भीलवाड़ा (राज.) 311802
वेबसाइटः www.mbapl.com, ईमेलः Secretarial@mbapl.com
सीआईएनः L24121RJ1997PLC029126 दूरभाष नं. : 01482-237104, फैक्स नं. : 01482-239638

**30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**
**[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 47(1)(बी)]**

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 अन-अंकेक्षित | 30.06.2024 अन-अंकेक्षित | 30.09.2023 अन-अंकेक्षित, | 30.09.2024 अन-अंकेक्षित | 30.09.2023 अन-अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 28,003.85 | 20,194.08 | 27,921.56 | 48,197.93 | 42,930.34 | 82,793.66 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओ से पहले) | 2,276.56 | 1,795.99 | 2,563.01 | 4,072.55 | 3,805.61 | 5,226.82 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 2,276.56 | 1,795.99 | 2,563.01 | 4,072.55 | 3,805.61 | 5,226.82 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं व्यापक आय के बाद) | 1,383.77 | 1,148.60 | 1,492.96 | 2,532.37 | 2,216.77 | 2,484.49 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1,383.77 | 1,148.60 | 1,492.96 | 2,532.37 | 2,216.77 | 2,474.41 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 8,762.69 | 8,762.69 | 4,381.35 | 8,762.69 | 4,381.35 | 8,762.69 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूंजी | - | | | 28,425.37 | 30,454.84 | 26,331.13 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिये) 1. मूल | 1.58 | 1.31 | 1.70 | 2.89 | 2.53 | 2.84 |
| | 2. तरल | 1.58 | 1.31 | 1.70 | 2.89 | 2.53 | 2.84 |


टिप्पणियां:
1. 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 15 अक्टूबर 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('इंड एस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत जारी प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ा जाता है।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 सितंबर, 2024 को समाप्त अन-अंकेक्षित तिमाही और छमाही के लिए विस्तृत वित्तीय परिणामों का उद्धरण है। तिमाही और छमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल की ओर से और के लिए
(सौरभ गुप्ता)
पूर्णकालिक निदेशक एवं सीएफओ
डीआईएन 07177647

स्थानः भीलवाड़ा
दिनांकः 15 अक्टूबर 2024

## For Your Information

**People employed in the IT and ITeS sector in India by FY (In Millions):**



43:05.4
42:05.1
40:04.4
38:04.0
35:03.5

(MeITY; NASSCOM)

Compiled by Nafanuksan Research

## अमृत वचन



केवल इस बात को तवज्जो मत दीजिए कि आप कितने खुश हैं, बल्कि इस बात को भी महत्व दीजिए कि आपके कारण कितने लोग खुश हैं। खुद भी खुश रहिए और दूसरों को भी खुशियां बांटिए।

- श्री चन्द्रप्रभ

## Thoughts of the time

Don't be a cynic, and bewail and bemoan. Omit the negative propositions. Don't waste yourself in rejection, nor bark against the bad, but chant the beauty of the good, Set down nothing that will help somebody.

- Ralph Waldo Emerson

If your plan "A" doesn't work, the Alphabet has 25 more letters. Stay Cool!

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**गूंगी अर गीता गावै**

**गूंगी और गीता गाये**

- जो व्यक्ति जिस चीज से वंचित हो, वह उसके बारे में क्या समझे।
- अपनी अक्षमता के बावजूद कोई व्यक्ति बड़ा काम करना चाहे तब।

*-स्व. विजय दान देथा*

*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## सूचना

नफा नुकसान की नियमित प्रति प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें:-

94139-72470



## बाजार

| Index/Commodity | LTP | Chg. (points) |
|---|---|---|
| BSE Sensex | 81,820.12 | -152.93 |
| NSE Nifty | 25,057.35 | -70.6 |
| Gold(MCX,Rs/10gm) | 75,971 | -75 |
| Silver(MCX,Rs/kg) | 90,495 | -241 |
| US Dollar(in Rs.) | 84.041 | -0.023 |
| Gold($/ounce) | 2,665.50 | 0 |
| Silver($/ounce) | 31.288 | -0.028 |
| Crude Oil($/barrel) | 70.81 | -3.02 |
| London Brent Crude ($/barrel) | 74.5 | -2.98 |
| Copper($/Ton) | 9,563.50 | -86.5 |
| Aluminium($/Ton) | 2,567.00 | -31 |
| Zinc($/Ton) | 3,024.50 | -69.5 |
| Nickel($/Ton) | 17,466.50 | -213.5 |
| Bitcoin($) | 65,926.40 | 1060 |
| GIFT NIFTY | 25,118.00 | 6 |

Rates as of 6 pm on 15 Oct 2024

## बुधवार के चौघड़िए

सम्वत् 2081 अश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
राहुकाल : मध्याह्न 12:00 से 1:30 बजे तक
सूर्योदय: 6.31 बजे और सूर्यास्त : 5.54 बजे

| | |
|---|---|
| प्रातः 6.31 से 7.52 | लाभ |
| 7.53 से 9.19 | अमृत |
| 9.20 से 10.46 | काल |
| 10.47 से 12.12 | शुभ |
| 12.13 से 1.39 | रोग |
| 1.40 से 3.06 | उद्वेग |
| 3.07 से 4.32 | चर |
| 4.33 से सूर्यास्त 5.54 | लाभ |
| रात्रि 5.55 से 7.32 | उद्वेग |
| 7.33 से 9.06 | शुभ |
| 9.07 से 10.39 | अमृत |

आचार्य सुबोध

# सिंगापुर में निवेशक रोड शो से 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए बना माहौल

**जयपुर@कार्यालय संवाददाता**

### सिंगापुर को ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए 'पार्टनर कंट्री' बनने का आमंत्रण



उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के हाल के सिंगापुर दौरे से 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के लिए उचित माहौल बनाने में काफी मदद मिली है। सिंगापुर के इस दौरे में राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने वहां इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया और वैश्विक स्तर पर पहचान रखने वाली सिंगापुर की कई बड़ी कंपनियों से मुलाकात की।

इनमें से कई कंपनियों ने राज्य सरकार के साथ आपसी सहयोग बढ़ाने, राजस्थान में व्यापार के अवसरों की जानकारी लेने और प्रदेश में कारोबार करने के प्रति इच्छा जतायी। इनमें सिंगापुर की कुछ प्रमुख कंपनियां जैसे कि सेम्बकॉर्प, पीएसए होराइजन्स, सुरबाना जुरोंग, एसटी इंजीनियरिंग, एसटी टेलीमीडिया, मैपलट्री इन्वेस्टमेंट्स आदि शामिल हैं। इनमें से कुछ कंपनियों ने उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राठौड़ के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से नीमराणा स्थित जापानी निवेश क्षेत्र की तर्ज पर सिंगापुर की कंपनियों के लिए एक विशेष निवेश या औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने का भी अनुरोध किया।

प्रतिनिधिमंडल की इस 4-दिवसीय सिंगापुर यात्रा में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के अलावा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और राजस्थान सरकार के अन्य अधिकारी शामिल थे।

सिंगापुर की वैश्विक कंपनी सेम्बकॉर्प के साथ एक मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के अधिकारियों को राजस्थान में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी और उनसे प्रदेश में निवेश के लिए आग्रह किया। सेम्बकॉर्प के अधिकारियों ने राजस्थान में निवेश करने की इच्छा जतायी।

लॉजिस्टिक कंपनी पीएसए होराइजन्स ने राज्य में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) और इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी) विकसित करने का इरादा व्यक्त किया। सिंगापुर की इंजीनियरिंग और शहरी विकास कंसल्टेंसी कंपनी सुरबाना जुरोंग ने राजस्थान में औद्योगिक पार्कों के आगामी विकास के लिए कंसल्टेंसी सेवाएं देने में रुचि दिखायी। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने बालोतरा में बन रहे राजस्थान पेट्रो जोन में निवेश के लिए जुरोंग आइलैंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों के साथ चर्चा की। एसटी इंजीनियरिंग और एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर के प्रतिनिधियों ने भी राज्य में नए व्यावसायिक अवसरों के प्रति रुचि दिखाई। एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर जयपुर में एक को-लोकेशन डेटा सेंटर स्थापित करना चाहता है।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राठौड़ के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने निजी कंपनियों के साथ-साथ सिंगापुर सरकार के कई स्टेकहोल्डर्स के साथ भी बैठकें कीं। इन बैठकों के दौरान राज्य सरकार की ओर से सिंगापुर को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया गया और उनसे राज्य में सिंगापुर के निवेश को बढ़ाने के लिए उनके सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गयी।

# श्रीराम फाइनेंस ने राजस्थान में की 'टू-व्हीलर लोन पात्रता वाउचर' लॉन्च करने की घोषणा

**बीकानेर@निजी संवाददाता**

श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने 'टू-व्हीलर लोन पात्रता वाउचर' लॉन्च करने की घोषणा की है, जो इस त्योहारी सीजन में अपने सपनों का टू-व्हीलर खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए एक अभिनव और अपनी तरह का पहला टू-व्हीलर लोन समाधान है। श्रीराम फाइनेंस के एमडी व सीईओ वाई. एस. चक्रवर्ती ने कहा, 'हमें टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर पेश करते हुए गर्व हो रहा है, जो इस त्यौहारी सीजन में अपने टू-व्हीलर खरीदने का इरादा रखने वाले सभी ग्राहकों के लिए अपनी तरह की पहली पहल है।

ग्राहकों को श्रीराम फाइनेंस की वेबसाइट या श्रीराम वन ऐप पर जाना होगा, अपने बारे में तथा जिस टू-व्हीलर को वे खरीदना चाहते हैं उसके बारे में सामान्य विवरण भरना होगा और कुछ ही क्षणों में उन्हें डाउन पेमेंट राशि तथा लोन पात्रता सहित लोन राशि का विवरण मिल जाएगा। इसके बाद उन्हें बस अपना टू-व्हीलर लोन एलिजिबिलिटी वाउचर डाउनलोड करके उसे डीलरशिप पर श्रीराम फाइनेंस के प्रतिनिधि के सामने लोन आवेदन स्वीकृति के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करना होगा और यह प्रक्रिया आमतौर पर 10 मिनट के अंदर पूरी हो जाती है।

लोन 24 घंटे में वितरित हो जाता है और ग्राहक अपने सपनों के टू-व्हीलर घर ले जा सकते हैं। अभियान में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और राजस्थान राज्यों में हीरो, सुजुकी, टीवीएस, यामाहा और रॉयल एनफील्ड जैसे ओईएम के साथ साझेदारी में एक्सचेंज लोन मेले भी शामिल है।

## ब्रीफ न्यूज

### सेवाश्रम के बच्चों ने किया देशी वार्डरोब का उद्घाटन



**बीकानेर@नि.सं.।** पिछले 8 सालों से अपने ग्राहकों को हमेशा नवीनतम जेंट्स के कपड़े उपलब्ध करवा रहा देशी वार्डरोब अपनी नई शॉप 15 अक्टूबर को खजांची मार्केट में खोला है। देशी वार्डरॉब से जुड़े कुलदीप जैन ने बताया शॉप का शुभारंभ सेवाश्रम के बच्चों द्वारा किया गया। खजांची मार्केट के शॉप नंबर 11 में कोट सूट, ब्लेजर, कुरता पायजामा, पार्टी वियर शर्ट, पार्टी वियर पैंट, कॉटन ट्रॉउजर, कोटन शर्ट, जीन्स, टीशर्ट, लोअर की नवीनतम वेरायटी उपब्लध करवाई जाएगी ।

### इमारती लकड़ी व्यापारी संस्थान के गौतम सुराणा अध्यक्ष एवं ललित चोपड़ा सचिव बने



**जोधपुर@नि.सं.।** टिंबर मर्चेंट संस्थान/ इमारती लकड़ी व्यापारी संस्थान जोधपुर की साधारण सभा की बैठक लघु उद्योग भारती के सभागार में संपन्न हुई। टिंबर मर्चेंट संस्थान/ इमारती लकड़ी व्यापारी संस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौतम सुराणा एवं ललित चोपड़ा ने बताया कि साधारण सभा में कृषि मंडी शुल्क का विरोध तथा वन विभाग द्वारा ट्रांजिट पास एवं आरा मशीन लाइसेंस नवीनीकरण एवं स्थान परिवर्तन के लिए अधिकारियों से मिलने का निर्णय किया गया। इस दौरान आगामी दो वर्षों के लिए गौतम सुराणा को अध्यक्ष, नारायण सुथार उपाध्यक्ष, ललित चोपड़ा को सचिव, मगन भाई पटेल सह सचिव एवं राकेश जांगिड़ को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा ने उदयपुर में सीपीसीबी डीजल जेनरेटर की नई रेंज लॉन्च की



**उदयपुर@नि.सं.।** महिंद्रा पावरोल अधिकृत जीओईएम तंवर इंडस्ट्रीज और डीलर राजस्थान डीजल्स सेल्स एवं सर्विस ने उदयपुर के होटल द फर्म रेजीडेंसी में अपना बिल्कुल नया सीपीसीबी 4 डीजल जैनसेट लॉन्च किया। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लि. के क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक कुमार मौर्य, एरिया मैनेजर राजस्थान गौरव कुमार राय, एरिया मैनेजर एचकेवीए बिजनेस तारिक एम खान, तंबर इंडस्ट्रीज, जयपुर के एमडी मोहम्मद ताहिर बीड़ीएम सेल्स राजवीर सिंह तथा अधिकृत विक्रेता राजस्थान डीजल सेल्या एवं सर्विस के वाइस प्रेसिडेंट विजय बागरेचा उपस्थित थे। मौर्य ने बताया कि सीपीसीबी 4 जेनमेंट 10 किलोवाट में 320 किलोवाट तक तवर इंडस्ट्रीज के मांडा, जयपुर स्थित अत्याधुनिक प्लांट में निर्मित किए जाते हैं। सीपीसीबी 40 (10 किलोवार-320 किलोवाट) की यह नई रेंज महिंदा पावरोल का नवीनतम संयोजन है जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घोषित नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है।

## नेशनल • इंटरनेशनल

# 5 साल में 5 लाख मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स देगा टाटा ग्रुप

**नफा नुकसान रिसर्च**

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 7.4 परसेंट की ग्रोथ हो रही है। इसमें करीब 13 लाख जॉब पैदा हुए हैं। टाटा ग्रुप ने सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वेहिकल, बैटरी और इससे जुड़े उद्योगों में करीब 5 लाख नौकरियां देने का फैसला किया है। इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वॉलिटी मैनेजमेंट के मंच से एन चंद्रशेखरन ने कहा कि विकसित भारत के सपने के पूरा होने में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का अहम रोल होगा। हर महीने करीब 10 लाख लोग भारत की वर्कफोर्स का हिस्सा बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में बड़े निवेश किए हैं। अगले 5 साल में 5 लाख नौकरियां पैदा करना हमारा लक्ष्य है। असम में एक बड़ा सेमीकंडक्टर प्लांट लगाया है। ईवी और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग में भी निवेश कर रहे हैं। अगले 5 साल के प्लान को फाइनल टच दिया जा रहा है। इनके लिए जरूरी ईकोसिस्टम तैयार करने के लिए 500 से 1 हजार नई एसएमई कंपनियां भी बनेंगी। इनमें भी जॉब्स पैदा होंगे। एन चंद्रशेखरन ने कहा विकसित भारत बनने के लिए 10 करोड़ जॉब पैदा करने हैं। अगर हम 5 लाख डायरेक्ट जॉब पैदा करेंगे तो इनकी मदद से कई गुना इनडायरेक्ट नौकरियां सामने निकलकर आएंगी। जैसे सेमीकंडक्टर सैक्टर में 1 डायरेक्ट जॉब से 10 इनडायरेक्ट जॉब पैदा होती हैं। नेशनल स्टेटिस्टिकल ऑर्गनाईजेशन (एनएसओ) की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 11 लाख नौकरियां पैदा हुई थीं, जो कि वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 13 लाख हो गई हैं। मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स के लिहाज से महाराष्ट्र अव्वल है इसके बाद गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का नंबर आता है।

> **रतन** टाटा चले गए। उनके परिवार का परंपरागत सरनेम दस्तूर था। तो फिर टाटा मोटर्स, टाटा केमिकल्स, टाटा कन्सल्टेंसी...सब जगह टाटा नाम क्यों? कंपनी ही क्यों जमशेद जी टाटा, जेआरडी टाटा भी। तो इसका किस्सा बड़ा रोचक है। जमशेदजी के कोई पूर्वज हॉटहैड यानी गर्म दिमाग के थे। गर्म को देसी भाषा में ...ताता... कहते हैं। लेकिन पारसी उच्चारण की कठिनाई के कारण ताता को टाटा कहते थे। बस वहीं से टाटा पहले बोलता नाम बना और फिर फैमिली नेम और फिर देश का गौरव।

# एयर प्यूरीफायर संबंधी दावों की जांच के लिए सरकार रखेगी बाजार पर नजर

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** सरकार ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एयर प्यूरीफायर विनिर्माता कंपनियों की तरफ से किए जाने वाले दावों की जांच के लिए बाजार पर निगरानी रखने की घोषणा की। यह कदम केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी के उस बयान के बाद उठाया गया है जिसमें कुछ कंपनियों पर अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया गया था। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'हम बाजार निगरानी के जरिये यह देखने की कोशिश करेंगे कि इस संबंध में किए गए दावे सही हैं या नहीं।' खरे ने यह भी कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और वह एयर फिल्टर पर मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन की जांच करेगा। जोशी ने विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में कंपनियों की भ्रामक विपणन रणनीति पर चिंता व्यक्त की थी।

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड दूदू**

क्रमांक : अ.अ./ खण्ड/दूदू/ 2024-25/1563-1578 | दिनांक :- 07.10.2024

**निविदा सूचना संख्या 26-27/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड के अधीन उपखण्ड दूदू के ग्रामीण जलयोजना सावरदा एवं महलां, बिचून में लिकेज मरम्मत का कार्य हेतु ई-प्रोक्यूमैंट के माध्यम से निविदा संख्या 26-27/2024-2025 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या 26-27/2024-2025 दिनांक 21.10.2024 तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 21.10.2024 तक अपलोड की जा सकेगी। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 22.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी।

निविदा प्रपत्र व इससे संबंधित नियम व शर्तें विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। 1. www.eproc.rajasthan.gov.in 2. www.dipronline.org 3. sppp portal 4. Office ID-8638

UBN No.
PHE2324WSOB05346
PHE2324WSOB05347
DIPR/C/9845/2024

'जल ही जीवन है।'

अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड दूदू

# रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश अप्रैल-सितंबर में चार प्रतिशत घटकर 2.3 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश 4% घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के अनुसार कार्यालय परिसंपत्तियों में कम निवेश के कारण निवेश में कमी आई। एनारॉक ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल-सितंबर में सौदों की संख्या घटकर 17 रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 24 थी। एनारॉक कैपिटल के सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों में निजी इक्विटी निवेश मुख्य रूप से विदेशी निवेशक करते हैं, जिनका निवेश वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और उच्च ब्याज दर जैसे वैश्विक कारकों के कारण कम हो गया है। हालांकि रिलायंस रिटेल के गोदाम परिसंपत्तियों में एडीआईए/केकेआर निवेश के कारण भारतीय रियल एस्टेट में विदेशी निवेशकों की कुल संख्या व हिस्सेदारी काफी हद तक स्थिर रही।

**मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड**

OGI OSTWAL | अन्नदाता

पंजीकृत कार्यालय : विंग ए/1, प्रथम तल, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फॉरेस्ट अटूण, भीलवाड़ा (राज.) भारत-311802
सीआईएन - L24121RJ1997PLC029126 फोन न.- 01482-237104, फैक्स न. -01482-239638
ई-मेल : secretarial@mbapl.com वेबसाइट : www.mbapl.com

**30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक के लिए गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

[Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR ) Regulations, 2015] (रु लाखो में राशि )

| S. No. | Particulars | समाप्त तिमाही | | | समाप्त अर्धवार्षिक वर्ष | | समाप्त वार्षिक वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| | | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से आय | 28,003.85 | 20,194.08 | 27,921.56 | 48,197.93 | 42,930.34 | 82,793.66 |
| 2. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 2,276.56 | 1,795.99 | 2,563.01 | 4,072.55 | 3,805.61 | 5,226.82 |
| 3. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 2,276.56 | 1,795.99 | 2,563.01 | 4,072.55 | 3,805.61 | 5,226.82 |
| 4. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 1,383.77 | 1,148.60 | 1,492.96 | 2,532.37 | 2,216.77 | 2,484.49 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1,383.77 | 1,148.60 | 1,492.96 | 2,532.37 | 2,216.77 | 2,474.41 |
| 6. | समता अंश पूँजी | 8,762.69 | 8,762.69 | 4,381.35 | 8,762.69 | 4,381.35 | 8,762.69 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूँजी | | | | 28,425.37 | 30,454.84 | 26,331.13 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए ) (वार्षिकीकरण नहीं किया गया) | - | | | | | |
| | 1. मूल | 1.58 | 1.31 | 1.70 | 2.89 | 2.53 | 2.84 |
| | 2. तरल | 1.58 | 1.31 | 1.70 | 2.89 | 2.53 | 2.84 |

**टिप्पणी :**

1. उपरोक्त 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिकी के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई और तत्पश्चात निदेशक मंडल द्वारा 15 अक्टूबर, 2024 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया। इसे साविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किया गया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("इंड एस") के अनुसार तैयार किये गये हैं, इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ें।
3. उपरोक्त सेबी के विनियमन 33 (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिकी के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूपों के सार को स्टॉक एक्सचेंज को दाखिल गया है। तिमाही और अर्धवार्षिकी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ताक्षरित /-
(सौरभ गुप्ता )
पूर्णकालिक निदेशक व सीएफओ
DIN 07177647

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 15-10-2024